फर्द अहकाम

(नियम 15)

अज अदालत जिला कलक्टर मुकाम धौलपुर

महेन्द्रपुरी बनाम सरकार

किस्म मुकदमाः– प्रथम अपील सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 मुकदमा नम्बरः– 118 सन् 2017

RCMS NO - 2017/00172

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
06.10.17	यह प्रथम अपील, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत अपीलान्ट श्री महेन्द्र पुरी पुत्र श्री वृन्दावन पुरी मठ पवेसुरा तहसील बाडी जिला धौलपुर ने जिला रसद अधिकारी धौलपुर द्वारा सूचना उपलब्ध नही कराये जाने के विरूद्ध पेश की है। अपील का अवलोकन कर मनन किया गया। अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। रेस्पोडैन्ट को अपील की प्रति भिजवाई जाकर टिप्पणी प्राप्त की जावें। अपीलान्ट को भी आगामी तारीख पेशी की सूचना भिजवाई जावें। पत्रावली वास्ते इंतजार टिप्पणी हेतु आगामी तारीख पेशी 23.10.2017 को पेश हो। जिला कलक्टर धौलपुर	640-59 10/10/17
23/10/2017	अपीलान्ट अनु० । लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी धौलपुर से टिप्पणी प्राप्त हुई जिस शामिल पत्रावली किया लोक सूचना अधिकारी से प्राप्त टिप्पणी अनुसार अपीलान्ट को पत्रांक रसद/सू.अ./117/2017 दिनांक 13/10/2017 से सूचना उपलब्ध करा दी गई है। अपीलान्ट द्वारा न्यायालय के समक्ष आपत्ति पेश नहीं की है। अतः लोक सूचना अधिकारी ने अपीलान्ट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। अतः अपील पर आगे कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। अतः अपील अपीलान्ट की स्तर पर निस्तारित की जाती है। पत्रावली फैसल हुआ हो। लोक सूचना अप्राप्त टिप्पणी की प्रति अपीलान्ट को सूचनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो अपील मय से कम हो। जिला कलक्टर धौलपुर	